Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-08-2022 अंक 320

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सुविचार

## जंगली खुंखड़ी खाने से एक ही परिवार के चार गंभीर, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बेलहरा निवासी रोहन रविदास उम्र 60 वर्ष, वासुदेव रविदास उम्र 35 वर्ष, नीतू देवी उम्र 26 वर्ष एवं टुंडवा देवी उम्र 50 वर्ष सभी एक ही परिवार के जंगली खुंखडी खाने से गंभीर हो गए। सभी घायलों को बीते रात 11:30 बजे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देश पर सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

# यादव धर्मशाला में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन, हरला के खिलाड़ियो ने फिर से तोड़ा कान्हा का मटका

## सुख का हिस्सा न बन पाएं, पर उनके मुश्किल समय में जरूर साथ रहें : पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मंच पर उपस्थित लोग



मटका फोड़ते हरला के युवा

पिछले 10 वर्षो से हरेक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बरही स्थित यादव धर्मशाला में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के दूसरे दिन धर्मशाला प्रांगण में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिछले तीन वर्षो से कान्हा के मटका फोड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले हरला के खिलाड़ियो ने इस बार भी रिकॉर्ड कायम रखा और अपने दूसरे ही प्रयाश में मटका फोड़कर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव सम्मिलित हुए। इससे पूर्व आयोजन समिति अध्यक्ष युगल यादव, उपाध्यक्ष किशोर यादव, सचिव रामदेव यादव, कोषाध्यक्ष संजय यादव व सुभाष यादव, व संरक्षक प्रमेश्वर यादव, अशोक यादव, घनश्याम यादव, ब्रह्मदेव यादव, बालेश्वर यादव, शिवनंदन यादव आदि ने अतिथियो को माला पहनाकर कार्यक्रम में स्वागत किया। मटका फोट प्रतियोगिता में कुछ छः टीमो ने भाग लिया था जिसमे पड़ीरमा, हरला, पोड़ैया, करसो, कारीमाटी व डिफेंस एकेडमी बरही के खिलाड़ी शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक ने सभी टीमो को बधाई देते हुए कहा कि मटका फोड़ प्रतियोगिता सामूहिक एकता का परिचायक है। श्री यादव ने भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत में कहे पंक्तियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने कहा है कि आप किसी के सुख का हिस्सा न बन पाएं तो कोई बात नही, पर उनके मुश्किल समय मे उसके साथ खड़ा जरूर रहे। किसुन यादव ने कहा की भगवान श्रीकृष्ण धर्म के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करते थे, शांति के प्रतीक थे। कार्यक्रम का संचालन बिनोद यादव व अशोक यादव ने सामूहिक रूप से किया। इधर धर्मशाला में आयोजित 24 घण्टे के अखण्ड कीर्तन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पड़ीरमा के कीर्तन मंडली व हरला के खिलाड़ियो को अतिथियो ने टॉफी देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, डॉ अनिल कुमार, कोबरा सब इंस्पेक्टर पंकज यादव, संरक्षक परमेश्वर यादव, घनश्याम यादव, अशोक यादव, ब्रह्मदेव यादव, सहदेव यादव, बलदेव यादव, अशोक यादव, शिव नंदन यादव, अध्यक्ष युगल यादव – विनोद यादव, उपाध्यक्ष किशोर यादव, सचिव रामदेव यादव, संजय यादव, सुभाष यादव, करसो पंचायत उप मुखिया बालेश्वर यादव, वार्ड सदस्य ज्योतिष यादव, महेंद्र यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, मानितोष यादव, चन्दन यादव, दिनेश यादव, कैलाश यादव, मनोज राणा, विक्की यादव, महेश यादव, पिंटू यादव, सचिन यादव, दिनेश यादव, सुधीर यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बरकट्ठा विधायक ने सरकार एवं बिजली विभाग के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन, बरही के जनप्रतिनिधि भी रहे शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धरना प्रदर्शन में शामिल बरकट्ठा विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के अगुवाई में बिजली के अघोषित कटौती को लेकर रविवार को डीवीसी तिलैया डैम में सरकार एवं बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया । जिसमे सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी मो कयूम एवं सरयू वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बताया की पिछले महीना से लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती के कारण लोगो का जीना मुहाल है। बिजली कटौती के कारण जहां आम लोगो को परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कुछ लोगो का कारोबार भी ठप हो गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों के पास भी इस समस्या को लेकर कोई जवाब नही है। वहीं मौके पर मौजूद समाजसेवी मो कयूम ने बताया की सरकार लोगो को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे सकती तो उसे सत्ता में रहने का कोई भी अधिकार नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अगर आने वाले दिनों में लोगो को बिजली कटौती से राहत नहीं मिली तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पहले विद्यार्थियों की शिक्षा महामारी के कारण खराब हुई और अब बिजली की अघोषित कटौती के कारण बच्चे पढ़ नही पा रहे है। उन्होंने कहा की पूरी रात बिजली की अघोषित कटौती हो रही है जिसके कारण लोग चौन की नींद नही ले पा रहे है। मौके पर कोलहुआकला पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, राजेश यादव, बंधन यादव, त्रिलोकी प्रसाद अजीत कुमार सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

# शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य मे लगाने की फरमान का शिक्षको ने जताया विरोध

## अपेम एजूकेशन विंग की बैठक में गैर शैक्षणिक कार्य से दूर रखने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल शिक्षक संघ के लोग

झारखण्ड सरकार के शिक्षा विभाग का यह फरमान की शिक्षक ही कक्षा प्रथम से कक्षा 12 तक के बच्चों का जाती, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाएंगे, का बरही के शिक्षकों ने जोरदार विरोध किया है। इस बाबत रविवार को अपेम शिक्षा मंच की बैठक हुई। इस बैठक में अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक भी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अयोध्या कुमार एवं संचालन मथुरा प्रसाद ने किया। सभी ने एक शब्दो से सरकारी आदेश का विरोध किया। शिक्षक अरुण कुमार ने बताया कि सरकारी आदेशानुसार शिक्षकों को बच्चों से जाति प्रमाण पत्र बनाने के आवश्यक कागजात लेकर आवेदन पत्र भरकर अंचल कार्यालय के कर्मी को सौंपना है । जबकि गांव में बहुतों के पास आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं है, फिर सभी का जाति प्रमाण पत्र कैसे बनेगा और यह काम शिक्षक क्यों करें । शिक्षकों को केवल पढ़ाने के लिए दिया जाए । तब जाकर शिक्षा में गुणवत्ता आ सकती है । तुलसी दास ने कहा कि आए दिन विभाग शिक्षकों से जनगणना, चुनाव मतगणना, आधार कार्ड खाता खुलवाना जैसे कई गैर शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं। जिसके चलते सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर नीचे आ रहा है ।संघ यह मांग करती है कि शिक्षकों से केवल शैक्षणिक कार्य लिया जाए। अगर सरकार ने तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती है तो बरही के कोई भी शिक्षक जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य नहीं करेंगे ।सरकार केवल शैक्षणिक कार्य करने का आदेश दे नहीं तो शिक्षक सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर डॉ सुनील कुमार यादव, अयोध्या कुमार, अरुण कुमार, डॉ संजय वर्णवाल, राजेन्द्र प्रसाद आर्य, तुलसी दास , बीरेंद्र कुमार, सोनू पंडित, गुलाब दास, सूरज दास, शंकर रविदास सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# बीते रात मन्नू बैटरी दुकान में हुई चोरी, लाखो का सामान लेकर फरार हुए चोर, थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड में स्थित सर्विसिंग सेंटर के सामने मन्नू बैटरी से बीते रात चोरों ने लाखो का सामान लेकर उड़ गए। दुकान के संचालक मन्नू कुमार ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया की रविवार सुबह 6 बजे मेरे दुकान के आस पास घर वालो ने फोन कर मुझे बताया की आपका दुकान का शटर टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही मैं अपना दुकान पर पहुंचकर देखा की मेरा दुकान का दुकान का शटर टूटा हुआ है। साथ ही दुकान से दस बैटरी और गल्ले में रखा नगद 40,000 गायब मिला। उन्होंने कहा की लगभग मेरा दो लाख का नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने बरही थाना में आवेदन देते हुए अविलंब करवाई करने का मांग किया है।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## डेढ़ लाख की रंगदारी माँगना युवकों को महंगा पड़ा, ऑडियो वाइरल, एक गिरफ्तार अन्य फरार

### रात्रि में मछली का जीरा लदा दो पिकअप को किया अगवा, जीपीएस ट्रैकर से पकड़ में आया वाहन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**









बीते रात्रि जीटी रोड स्थित सरदारपुर के आसपास दो पिकअप वाहन को अगवा कर वाहन मालिक से डेढ़ लाख रुपये रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया। जहां रंगदारी मांगने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया अन्य फरार है। इस दौरान वाहन मालिक और युवकों के बीच राशि मांगने की बात का ऑडियो भी वाइरल हो रहा है। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि बरही की ओर से दो पिकअप वाहन संख्या डब्लू बी 23 ई 2690 एवं डब्लू 823 एफ 1782 पर लदे मछली का जीरा जो उत्तर प्रदेश जा रही है, को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सरदारपुर से पीछा करते हुए बहेरा आश्रम जंगल के पास रोककर गाड़ी मालिक से रंगदारी की मांग की जा रही है। उक्त सूचना का सत्यापन हेतु गस्ती दल में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं बल को घटनास्थल के पास भेजा गया। घटनास्थल पर पुलिस बल को देखते ही सभी अपराधकर्मी भागने लगा जिसमें से एक अपराधकर्मी को पुलिस द्वारा पकड़ा गया। चौपारण पुलिस त्वरित कार्रवाई से अगवा दोनों पिकअप वाहन एवं उसपर लदे जीरा मछली चालक सहित सकुशल बरामद किया गया। इस संबंध में पिकअप के चालक रौशन वर्णवाल पिता नवल प्रसाद वर्णवाल ग्राम चिरकुण्डा सोना डंगाल शांति नगर, थाना– चिरकुण्डा, जिला– धनबाद के लिखित आवेदन के आधार पर चौपारण थाना काण्ड संख्या 243/22 धारा– 365/386/387 120(बी) भादवि दर्ज किया गया एवं इस कांड में संलिप्त आनन्द सिंह पिता विनोद सिंह ग्राम– ताजपुर ( वर्तमान जोकट ) थाना चौपारण, जिला– हजारीबाग को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।

## 73वां वन महोत्सव महुवाबाद में सम्पन्न, पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प

### विधायक, प्रशिक्षु आईएफएस, प्रमुख, उपप्रमुख, जिला परिषद, स्थानीय जनप्रतिनिधि हुए सम्मिलित






**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

बसरिया पंचायत के महुवाबाद में वन विभाग द्वारा आयोजित 73वें वन महोत्सव कार्यक्रम का हुवा समापन। कार्यक्रम का शुभारंभ बरही विधायक उमाशंकर अकेला, वन प्रमंडल पदाधिकारी आर एन मिश्रा, प्रशिक्षु आईएफएससी शैलेंद्र कुमार सिंह, सहायक वन संरक्षक एके परमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रिती कुमारी, जिला परिषद सदस्या आरती कौशल, स्थानीय मुखिया मंजू देवी, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व पारंपरिक तरीके से आदिवासी नृत्य के साथ अतिथियो का महुवाबाद में स्वागत किया गया। अतिथियो ने अपने अपने नाम का एक एक पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने लोगों से जंगल बचाने का अपील किया। कहा हमने भगहर में अवैध शराब निर्माण में जंगल उजाड़े जाने का मामला उठाया जिसपर मंत्री जी ने संज्ञान लिया। जंगलो की कटाई को रोकने के लिए मैं हर सभव प्रयाश करूँगा। आरएन मिश्रा ने कहा कि लोगों के जन सहयोग से ही जंगलों की कटाई को रोका सकता है। जंगल सार्वजनिक संपत्ति है सभी कंधे से कंधा मिलाकर जंगलों की रक्षा करें। प्रमुख पूर्णिमा देवी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का आग्रह किया। मौके पर वनपाल राहुल कुमार वनरक्षि पंकज कुमार, सिकंदर नायक, अजीत कुमार गंजू, स्थानीय स्तर पर बने वन संरक्षण समिति सदस्य राजेश कुमार साव, मुकेश कुमार सिन्हा, सुधीर कौशल, गजाधर प्रसाद, प्रदीप यादव, उमेश यादव, भोला यादव, संतोष सिंह, पंकज सोनी, उमेश साव, कृष्णा कसेरा, हरियाली दूत दिनेश सावज टेकलाल साव मनोज साव सहित कई लोग उपस्थित रहे।




## रामपुर में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन, नावागढ़ के युवकों ने तोड़ा कान्हा का मटका

### सामूहिक एकजुटता का परिचायक है मटका फोड़ : मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल खण्ड रामपुर के बैनर तले रामपुर दुर्गा मंडप जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, चौपारण आरएसएस प्रमुख शेखर गुप्ता, डेबो मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, सेलहारा मुखिया प्रतिनिधि कैलाश पासवान आदि सम्मिलित हुए। हज़ारो की संख्या में उपस्थित कृष्णा भक्तों एवम खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मटका फोड़ना सामूहिक एकजुटता का परिचायक है। विधायक ने भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत में अर्जुन को दिये गए सुझावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब को कृष्ण द्वारा बताए गए मार्गो चलकर उन्हें आदर्श बातो का अनुकरण करना चाहिए। गुरुदेव गुप्ता ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप गौ माता का सेवा करे कृष्ण भगवान आपकी मनोकामना पूर्ण करेंगे। शेखर गुप्ता ने कहा कि मटका फोट कार्यक्रम अगले वर्ष से सभी पंचायतो में हो तभी हमारी संस्कृति व हमारे सनातन धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता फैलेगी। प्रतियोगिता में भगवानपुर, कोरियाडीह, डेबो, नावागढ़ व रामपुर के टीमो ने भाग लिया। पांचवे राउंड तक चले इस जद्दोजहद के बीच छठे राउंड में नावागढ़ के गोविन्दो ने कान्हा का मटका फोड़ बना विजेता। पूर्व विधायक सहित अन्य ने विजेता को पुरुस्कृत किया। वही विहिप ने विजेता को भागवत गीता और लड्डू गोपाल का मूर्ति भेंट किया। इससे पूर्व आयोजन समिति अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, सचिव धर्मवीर कुमार, संचालक शशिकांत शर्मा, संरक्षक सह समिति सदस्य मनोज रविदास ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगाधर प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, विहिप सहसंयोजक बबलू साव, बजरंग दल संयोजक सोनू कुमार, सहसंयोजक मुनेश्वर गुप्ता, मनोज प्रसाद, अनुज सिन्हा, वार्ड सदस्य कैलाश यादव, सिकेन्द्र रजक, बलभद्र राम, सिकेन्द्र राम, विवेक कुमार, रणधीर प्रसाद, पवन कुमार, उदय राणा, इंद्रदेव प्रसाद, विकास शाही, छोटेलाल चनद्रवंशी, अमित कुमार, अर्जुन माली, अजय राणा, बिनोद यादव, दीपक कुमार सहित अन्य।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विष्णुगढ़ में मटका फोड़ प्रतियोगिता

### सिमरिया में बिनू की टीम बनी विजेता

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि

प्रखंड के अचलजामो पंचायत के सिमरिया में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में कई टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें सिमरिया के बिनू यादव एवं उनके साथियों की टीम ने बाजी मारी। मटका फोड़ प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। इस प्रतियोगिता के प्रति ग्रामीण काफी उत्सुक थे। मौके पर अतिथियों ने कहा कि यह प्रतियोगिता सामूहिक एकता का परिचायक है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी अन्याय के विरुद्ध सत्य का साथ दिया था। अतएव हम सबों को भी एकता के साथ सत्य मार्ग पर चलने का संकल्प आत्मसात करना होगा। प्रतियोगिता के उपरांत विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सुबोध कुमार यादव, पिंटू यादव, तुलसी यादव, राजेन्द्र यादव, हीरालाल यादव, कृष्णा यादव, नरेश यादव, रामकिशोर यादव, लालमणि यादव, दिनेश यादव, सुरेश यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## आईओसीएल कम्पनी की लापरवाही दे रहा मौत को निमंत्रण : भुनेश्वर यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





चौपारण : प्रखण्ड में आई ओसीएल कम्पनी के द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में कम्पनी के क०न्ट्रेक्टर के द्वारा पाण्डेयबारा से चंदवारा जाने वाले पथ को सेल्हारा कला गांव काजिम अंसारी के घर के सामने घुमावदार के पास गड्ढा कर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में समाजसेवी सह सपा के बरही विधानसभा के प्रभारी भुनेश्वर यादव ने कहा कि घुमावदार सड़क के पास लगभग 4 से 5 फिट लम्बा और डेढ़ फीट गड्ढा आई ओसीएल कम्पनी के द्वारा खोद कर छोड़ दिया गया है। जिसमें वर्षा के कारण पूरा पानी भर गया है। और राहगीरों को गड्ढा का अंदाजा भी नही लग पा रहा है। आई ओ सीएल कम्पनी की इस लापरवाही से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है और किसी की जान भी जा सकती है। मामले को गम्भीरता से देखते हुए समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने तुरन्त संज्ञान में लेते हुए आइओसीएल कम्पनी के ब्रांच मैनेजर से बात कर इसे तुरंत ठीक करवाने को कहा ताकि किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

दिनांक: 21-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## गिरीडीह : सदर प्रखंड के अंतर्गत लोक कल्याण समिति गादी, लेदा में पर्यावरण संरक्षण महोत्सव मनाया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

लोक कल्याण समिति गादी के बैनर तले पर्यावरण संरक्षण महोत्सव कार्यक्रम में विकास वर्मा ने संचालन किए । इस कार्यक्रम में पहले वृक्षारोपण उसके बाद के अन्य कार्यक्रम स्वागत , माल्यापर्ण , उद्घोषणा का कार्यक्रम सफलता पूर्वक हुई । जिसमें झमाझम बा. रिश के बाद भी जनप्रति. निधि , ग्रामीण और अतिथि लोग डटे रहे । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों का कर्तव्य हैं कि है कि हमें वन का संरक्षण करना चाहिए ताकि भविष्य में हमारी आने वाले पीढ़ी को जंगल से फायदा मिलें । प्रवीण कुमार मुर्मू विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आने वाले समय में हमें बहुत जानवरों को देखने के लिए नहीं मिलेगा जिसप्रकार से आज वन धीरे धीरे समाप्त हो रही हैं । हम आप सब से आग्रह निवेदन करते हैं कि आप सब वन को बचावें और समिति को सहयोग कीजिए । मुखिया रामेश्वर वर्मा ने कहा कि आप सभी लोग अपने जीवन मे एक एक पेड़ लगाओ ताकि पर्यावरण सही से रहे और संतुलित रहे । मुखिया शोभा देवी से कही हम समिति को हरेक प्रकार से सहयोग करेंगे । विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा जी , अतिथि :– प्रो विवेकानंद जी , जिला परिषद सदस्य रू– प्रवीण कुमार मुर्मू जी , मुखिया शांति देवी जी , पूर्व मुखिया वासुदेव नारायण सिंह जी , सिंदवारिया मुखिया रामेश्वर प्रसाद वर्मा जी , पूर्व पंचायत समिति बसंत जी , पंचायत समिति :– शोभा जी , गुलमोहम्मद जी , घनश्याम जी , मुखिया प्रतिनिधि :– जितेंद्र जी , नरेश कुमार साव जी , अनिल वर्मा जी ,वार्ड सदस्य बाबुलाल जी , प्रयाग जी , अशोक जी , भीम जी , रविंद्र जी , अनिल जी , .संउंदजी , ग्राम प्रधान जी , विकास जी , सुधीर जी , दामोदर जी भारी संख्या में ग्रामीण जनता जनार्दन शामिल हुवे।

## बड़कागांव में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रदेश स्तरीय विस्तार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक केंद्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के आदेशानुसार एवं महा सचिव फागू बेसरा के स्वीकृति के अनुसार कमेटी का विस्तार किया गया। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना बड़कागांव हजारीबाग के मजदूर एवं विस्थापित का सम्मेलन समुदायिक भवन चेपाकला में की गई। जिसकी अध्यक्षता लखन साव एवं संचालन रोहित कुमार ने की। सम्मेलन के बतौर पर्यवेक्षक आरएन सिंह रहें। पूर्व निर्धारित संयोजक मंडली की उपस्थिति में कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें एनटीपीसी कॉल ब्लॉक झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, उपाध्याय गणेश गंजू, प्रमोद महतो, मोहम्मद साबिर हुसैन, संजय सिंह, सचिव दिनेश कु रवि ( गुड्डू ), सह सचिव निकिता कुमारी, संयुक्त सचिव अनन्या मुखर्जी, सह संयुक्त सचिव रोहित कुमार, संगठन सचिव लखन साव, कार्यालय सचिव गोपाल महतो, सह कार्यालय सचिव परमेश्वर कुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मोहम्मद सफीउल्लाह को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में घनश्याम गोप, मिथिलेश प्रजापति, अशोक गंजू, मोहम्मद रवानी, अभय कुमार दास और चमन कुमार साव को चुना गया। मौके पर नव चयनित अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि यूनियन ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है उसे में पूरी तरह से मजदूर एवं विस्थापितों के हक में काम करूंगा। यूनियन को मजबूती प्रदान करने और मजदूर एवं विस्थापितों लड़ाई अपनी लड़ाई समझकर लड़ूंगा।

## विष्णुगढ़ के मड़मो में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

### पेनाल्टी शूटआउट में मुंगो की टीम बनी विजेता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते जिप सदस्य समेत अन्य

मड़मो पंचायत के बुलबुल स्टेडियम में रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत की गई। टूर्नामेंट का आयोजन न्यू सनराइज स्पोर्टिंग क्लब मड़मो द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्घाटन फीता काटकर व फुटब०ल में कीक मारकर पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरयू पटेल तथा पंचायत मुखिया कुंती कुमारी ने किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जय हिन्द स्पोर्टिंग क्लब, ज्ञानगढ़ा बनाम स्पोर्टिंग क्लब, मुंगो रंगामाटी के बीच खेला गया। रोचक मुकाबले में मैच के निर्धारित अवधि तक दोनों टीमें एक दूसरे के विरुद्ध कोई भी गोल नहीं कर पाई। अंत में मैच रेफरी के निर्देश पर पेनाल्टी शूटआउट से परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें स्पोर्टिंग क्लब, मुंगो रांगामाटी 3–2 से विजेता बनी। मौके पर उपमुखिया पूनम कुमारी, पंसस बहाराम हांसदा, प्रकाश साव, अनिता देवी, घनश्याम महतो, फूलचंद पटेल, जिवाधन महतो, कैलाश महतो, लखेश्वर महतो, रामानंद सिंह, लाखेंद्र महतो, अरविंद कुमार, राजू महतो, राजेश महतो समेत न्यू सनराइज स्पोर्टिंग क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## अजपता ने किया निर्वतमान बीईईओ को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन,

### दोनो बीईईओ के कार्यकाल की हुई सरहना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विदाई समारोह में शामिल शिक्षक एवं बीईईओ

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई बरही की ओर से निवर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार शर्मा और नागदेव यादव के स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया । साथ ही साथ बरही में पदस्थापित में नए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार एवं राम सेवक प्रसाद दांगी के लिए स्वागत सामारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुमार एवं संचालन राजेंद्र प्रसाद आर्य एवं तुलसी कुमार दास के द्वारा विदाई समारोह में शामिल शिक्षक एवं बीईईओ संयुक्तरूप से किया गया । काविदाई समारोह में शामिल शिक्षक एवं बीईईओ र्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद संगठन द्वारा अंग वस्त्र देकर पदाधिकारियों का स्वागत किया गया ।इस कार्यक्रम में अजपता के जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार, पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे, एसआरपी जनार्दन वर्मा , चौपारण प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कमल,विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन भाषण में अध्यक्ष महोदय के द्वारा दोनों प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहां की इनके कार्यकाल में शिक्षकों पर किसी तरह का अनावश्यक दबाव नहीं पड़ा। प्रखंड का जिला स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रखंड सचिव मथुरा प्रसाद ने कहा कि नए पदाधिकारी इनके कार्यों को आगे बढ़ायेंगे और प्रखंड का नाम राज्य में ऊंचा करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रखंड सहायक अध्यापक शिक्षक संघ एवं बीआरसी कर्मीयों ने भी स्थानांतरित बीईईओ हो और पदस्थापित बीईइओ को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार यादव, मिथिलेश प्रसाद, सुधीर कुमार चौधरी, संजय कुमार सिंह ,पितांबर प्रसाद, गणेश पांडेय, विकास पासवान, कुलदीप सिंह ,दिनेश राणा, किशोरी महतो, पूनम सिन्हा ,लक्ष्मी कुमारी, ज्योत्सना सिसोदिया, गुड़िया कुमारी, राणा निखत ,सुरेश रजक ,शशि भूषण , अनूप प्रधान,अल्ताफ हुसैन शाहिदुल अली सहित सैकड़ों शिक्षक ने कार्यक्रम में भाग लिया।




